विधानसभा सचिवालय
मध्य प्रदेश
समाचार

सदन में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दी गई व्यवस्था
सदस्य व्यक्तिगत आरोप–प्रत्यारोप से बचें और संसदीय परंपरा के अनुरूप शब्दावली का उपयोग करें

भोपाल 13 मार्च, 2025

मध्यप्रदेश विधान सभा की कार्रवाई के दौरान माननीय सदस्यों द्वारा परस्पर उपयोग की जाने वाली भाषा के संदर्भ में माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरूवार को सदन की कार्रवाई के दौरान महत्वपूर्ण व्यवस्था दी है।

माननीय विधान सभा अध्यक्ष ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के कृतज्ञता प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान असंसदीय शब्दावली तथा व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप के संबंध में यह व्यवस्था दी। उन्होंने कहा कि माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बीच में कई बार थोड़ी सी अप्रिय स्थिति उत्पन्न हुई थी। मध्यप्रदेश विधान सभा की एक गरिमामय परंपरा रही है। जिसके कारण मध्यप्रदेश की विधान सभा की प्रतिष्ठा देश भर में अग्रणी स्थान पर रहती है, लेकिन कई बार शब्दावली ऐसी हो जाती है जो उचित नहीं कही जा सकती है और इसलिए हम सबका यह प्रयत्न होना चाहिए कि शब्दावली में सुधार हो और व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से बचें।

माननीय विधान सभा अध्यक्ष ने व्यवस्था देते हुए कहा कि मेरी अपेक्षा है कि कोई भी सदस्य इस बात का ध्यान रखे कि वे व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोपों से बचें और ऐसी शब्दावली का उपयोग न करे जिससे हमारे सदन की परम्परा हमेशा के लिए प्रभावित और कलंकित हो, ऐसी मेरी आप सब लोगों से अपेक्षा है।

घोड़ा रोज (रोजड़े) से फसलों को बचाने के लिए व्यवस्थित रणनीति बनाने की सलाह

मध्यप्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रदेश के कई अंचलों में घोड़ा रोज (रोजड़े) से फसलों को होने वाले नुकसान से किसानों को बचाने के लिए एक व्यवस्थित कार्ययोजना बनाने की सलाह प्रदेश सरकार को दी है।

गुरूवार को प्रश्नकाल के दौरान सदस्य श्री विपिन जैन ने प्रश्न उठाया था कि घोड़ारोज (रोजड़े) से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान से रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं? इनके द्वारा प्रतिदिन बढ़ रहे सड़क हादसों की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं? इस सवाल का जवाब राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने दिया। इस सवाल के अनुपुरुक प्रश्नों के दौरान कई सदस्यों ने घोड़ा रोज से किसानों को होने वाले नुकसान की समस्या को गंभीर बताते हुए इस पर कार्यवाही का आग्रह भी किया। माननीय विधानसभा अध्यक्ष ने सलाह देते हुए कहा कि इस मामले में संबंधित विभाग और विशेषज्ञों से सलाह करके कोई व्यवस्थित योजना बनाना चाहिए क्योंकि यह धन भी एक तरह से विकसित हो रहा है यह ज्यादा बढ़ जाएगा तो प्रदेश को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

विधान सभा अध्यक्ष ने दी होली के पर्व पर प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मध्यप्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने होली के पावन पर्व पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का यह रंगारंग पर्व प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख, समृद्धि और कल्याण लाए। उन्होंने कहा कि हम सबको प्राकृतिक रंगों से होली खेलना चाहिये। उन्होंने प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि यह त्यौहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा लाये।

वि स/ जसं/ 25

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव